# National Allied and Healthcare Professional Association

*(A Leading Association for all Health Care Professionals)*

**Registered under the Societies Act XXI of 1860**

Administrative Office : 2nd Floor Sunil Complex W.K. Road Meerut
E-mail : ipmabharat@gmail.com Website : https://nahpa.in
Mob.: 0121-4349311, 9105431980, 8057728847, 7078033743

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA



President
**Col B.P. Tomar** (Retd.)
Vice President
**Adv Abhishek Giri**
Secretary
**Adv. Priya Rastogi**
Treasurer
**Mr. Anshu Rastogi**
Joint Secretary
**Mr. Abhishek Tripathi**
Organization Secretary
**Mr. Amrit Kumar**
Secretary
**Mr. Furkan Saifi**
Secretary
**Mr. Rahib Alam**

**Legal Committee**

Adv Sandeep Malik (Supreme Court of India)
Adv Ashwani Garg (Supreme Court of India)
Adv Sonali Gaur (Supreme Court of India)
Adv Kapil Chandana (Supreme Court of India)
Adv Amit Gaur (Supreme Court of India)
Adv Robin Saxena (Supreme Court of India)
Adv Naveen baliyan (Allahabad High court)
Adv Jitendra Giri (Allahabad and Lucknow High court)
Adv Pratima Vishkarma (Allahabad High court)
Adv Santosh Kumar Dubey (Allahabad High court)
Adv Kanhiya Mishra (Allahabad High court)
Adv KP Puluskar (Allahabad High court)
Adv Aditya Singh (Allahabad High court)
Adv Ayansh Keshari (Allahabad High court)
Adv Ayush Shrivastva (Allahabad High court)
Adv Gaurav Mishra (Allahabad High court)
Adv K.K. Gupta (Allahabad High court)
Adv Sunil Mishra (Allahabad High court)
Adv Vipul Tiwari (Allahabad High court)

**State Committee UP**

Mr. Vishant Garg
State President, NAHPA
Dr. M.K. Verma
State Vice-President, NAHPA
Dr. Devkant
State Vice-President, NAHPA


*Ref. No.* : NAHPA/Legal/2026/439 *Date* : 07/04/2026

सेवा में,

माननीय मुख्य न्यायाधीश महोदय,
इलाहाबाद उच्च न्यायालय,
प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

विषयः— उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों की न्यायालय परिसरों (कचहरियों) की हवालातों में विचाराधीन एवं दोषसिद्ध बंदियों को अमानवीय और अत्यंत खराब परिस्थितियों में रखे जाने, तथा शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय, पर्याप्त हवा और पर्याप्त स्थान जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण उनके संवैधानिक एवं मानवाधिकारों के उल्लंघन के निवारण हेतु तत्काल न्यायिक हस्तक्षेप की मांग संबंधी जनहित प्रार्थना पत्र।

महोदय,

सविनय एवं सादर निवेदन है कि उत्तर प्रदेश राज्य के विभिन्न जनपदों की न्यायालयों में नियमित पेशी हेतु लाए जाने **वाले विचाराधीन बंदियों एवं दण्डादिष्ट अभियुक्तों** को **सक्षम न्यायालय** के समक्ष प्रस्तुत किए जाने से पूर्व, न्यायालय परिसर में स्थित **अभिरक्षा कक्षों (हवालातों)** में अस्थायी रूप से निरुद्ध रखा जाता है। याचिकाकर्ता संगठन **नेशनल अलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशनल एसोसिएशन** द्वारा हाल ही में उत्तर प्रदेश राज्य के प्रमुख एवं घनी जनसंख्या वाले जनपदों – **यथा मेरठ, मुजफ्फरनगर एवं गाजियाबाद** के माननीय न्यायालय परिसरों में स्थित इन अभिरक्षा कक्षों की वास्तविक स्थिति का विधिवत क्षेत्रीय सर्वेक्षण एवं तथ्यान्वेषण कराया गया।

उक्त तथ्यान्वेषण सर्वेक्षण में जो तथ्य प्रकाश में आए हैं, वे न केवल अत्यंत खेदजनक एवं विचलित करने वाले हैं, अपितु मानवीय गरिमा एवं संवैधानिक मूल्यों को सर्वथा शर्मसार करने वाले हैं। सर्वेक्षण प्रतिवेदन के अनुसार, प्रत्येक अभिरक्षा कक्ष में उसकी निर्धारित क्षमता से कई गुना अधिक, लगभग 100 से 150 बंदियों को एक साथ निरुद्ध रखा जाता है, जो स्पष्टतः अभिरक्षा की मानक संहिता के विपरीत है।

Shivangi Akash AmanTyagi A. Giri

National Vice President
नेशनल एलाइड एण्ड हैल्थकेयर प्रोफेशनल एसोसिएशन
National Allied and Healthcare Professional Association
Former Name : Indian Paramedical Association

National Allied and Healthcare Professional Association
(A Leading Association for all Health Care Professionals)
Registered under the Societies Act XXI of 1860
Administrative Office : 2nd Floor Sunil Complex W.K. Road Meerut
E-mail : lpmabharat@gmail.com Website : https://nahpa.in
Mob.: 0121-4349311, 9105431980, 8057728847, 7078033743

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

President
Col B.P. Tomar (Retd.)
Vice President
Adv Abhishek Giri
Secretary
Adv. Priya Rastogi
Treasurer
Mr. Anshu Rastogi
Joint Secretary
Mr. Abhishek Tripathi
Organization Secretary
Mr. Amrit Kumar
Secretary
Mr. Furkan Saifi
Secretary
Mr. Rahib Alam

Legal Committee
Adv Sandeep Malik (Supreme Court of India)
Adv Ashwani Garg (Supreme Court of India)
Adv Sonali Gaur (Supreme Court of India)
Adv Kapil Chandana (Supreme Court of India)
Adv Amit Gaur (Supreme Court of India)
Adv Robin Saxena (Supreme Court of India)
Adv Naveen baliyan (Allahabad High court)
Adv Jitendra Giri (Allahabad and Lucknow High court)
Adv Pratima Vishkarma (Allahabad High court)
Adv Santosh Kumar Dubey (Allahabad High court)
Adv Kanhiya Mishra (Allahabad High court)
Adv KP Puluskar (Allahabad High court)
Adv Aditya Singh (Allahabad High court)
Adv Ayansh Keshari (Allahabad High court)
Adv Ayush Shrivastva (Allahabad High court)
Adv Gaurav Mishra (Allahabad High court)
Adv K.K. Gupta (Allahabad High court)
Adv Sunil Mishra (Allahabad High court)
Adv Vipul Tiwari (Allahabad High court)

State Committee UP
Mr. Vishant Garg
State President, NAHPA
Dr. M.K. Verma
State Vice-President, NAHPA
Dr. Devkant
State Vice-President, NAHPA

Ref. No. : NAHPA/Legal/2026/439 Date : 07/04/2026

इन अभिरक्षा कक्षों में निरुद्ध बंदियों हेतु **स्वच्छ शौचालय, शुद्ध पेयजल एवं पर्याप्त वायु–संचार (पंखे एवं वातायन)** जैसी न्यूनतम मूलभूत मानवीय सुविधाओं का सर्वथा एवं पूर्णतः अभाव पाया गया। अत्यधिक अतिभीड़ एवं अपर्याप्त स्थान के कारण **बंदियों को पशुवत रूप से ठूंसकर रखा जाता है,** जो उनकी मानवीय गरिमा का सुस्पष्ट अपमान है। अत्यधिक गर्मी, घुटन एवं दूषित वातावरण के कारण बंदियों के शारीरिक स्वास्थ्य एवं जीवन पर गंभीर एवं प्रत्यक्ष संकट उत्पन्न होता है, जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत प्रत्याभूत जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मूल अधिकार का सुस्पष्ट एवं घोर उल्लंघन है।

**यह उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 1980 में गठित न्यायमूर्ति अनुज मुल्ला समिति (अखिल भारतीय कारागार सुधार समिति, 1980–83) ने अपनी विस्तृत प्रतिवेदन में बंदियों की दशाओं के संदर्भ में अनेक महत्त्वपूर्ण संस्तुतियाँ की थीं। समिति ने स्पष्ट रूप से अभिनिर्धारित किया था कि –**

1. प्रत्येक बंदी को स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त वायु–संचार (वेंटिलेशन) एवं स्वच्छ शौचालय जैसी न्यूनतम मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराई जानी चाहिए।
2. अभिरक्षा कक्षों (हवालातों) में निर्धारित क्षमता से अधिक बंदियों को नहीं रखा जाना चाहिए–अतिभीड़ (ओवरक्राउडिंग) मानवाधिकारों का उल्लंघन है।
3. बंदियों के साथ मानवीय गरिमा के अनुरूप व्यवहार किया जाना संवैधानिक दायित्व है तथा यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन के अधिकार का अभिन्न अंग है।
4. कारागार एवं अभिरक्षा परिसरों का नियमित निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण संबंधित राज्य सरकारों का कर्तव्य है।

**खेद का विषय है कि मुल्ला समिति की इन संस्तुतियों के लगभग चार दशक से अधिक समय बीत जाने के पश्चात भी उत्तर प्रदेश के उपरोक्त जनपदों की कचहरी हवालातों में इन निर्देशों का किंचित मात्र भी अनुपालन नहीं हो रहा है, जो कि विधि के शासन एवं न्यायिक मर्यादा के प्रतिकूल है।**

Shivangi
Akash
Aman Tyagi
A. Giri
Harshi

अभिषेक गिरि
Abhishek Giri
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
National Vice President
नेशनल एलाइड एण्ड हैल्थकेयर प्रोफेशनल एसोसिएशन
National Allied and Healthcare Professional Association
Former Name : Indian Paramedical Association

# National Allied and Healthcare Professional Association

*(A Leading Association for all Health Care Professionals)*

**Registered under the Societies Act XXI of 1860**

Administrative Office : 2nd Floor Sunil Complex W.K. Road Meerut

E-mail : ipmabharat@gmail.com Website : https://nahpa.in

Mob.: 0121-4349311, 9105431980, 8057728847, 7078033743

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA



President
**Col B.P. Tomar** (Retd.)
Vice President
**Adv Abhishek Giri**
Secretary
**Adv. Priya Rastogi**
Treasurer
**Mr. Anshu Rastogi**
Joint Secretary
**Mr. Abhishek Tripathi**
Organization Secretary
**Mr. Amrit Kumar**
Secretary
**Mr. Furkan Saifi**
Secretary
**Mr. Rahib Alam**

**Legal Committee**

Adv Sandeep Malik (Supreme Court of India)
Adv Ashwani Garg (Supreme Court of India)
Adv Sonali Gaur (Supreme Court of India)
Adv Kapil Chandana (Supreme Court of India)
Adv Amit Gaur (Supreme Court of India)
Adv Robin Saxena (Supreme Court of India)
Adv Naveen baliyan (Allahabad High court)
Adv Jitendra Giri (Allahabad and Lucknow High court)
Adv Pratima Vishkarma (Allahabad High court)
Adv Santosh Kumar Dubey (Allahabad High court)
Adv Kanhiya Mishra (Allahabad High court)
Adv KP Puluskar (Allahabad High court)
Adv Aditya Singh (Allahabad High court)
Adv Ayansh Keshari (Allahabad High court)
Adv Ayush Shrivastva (Allahabad High court)
Adv Gaurav Mishra (Allahabad High court)
Adv K.K. Gupta (Allahabad High court)
Adv Sunil Mishra (Allahabad High court)
Adv Vipul Tiwari (Allahabad High court)

**State Committee UP**

Mr. Vishant Garg, State President, NAHPA
Dr. M.K. Verma, State Vice-President, NAHPA
Dr. Devkant, State Vice-President, NAHPA


*Ref. No.:* NAHPA/Legal/2026/439 *Date :* 07/04/2026

प्रार्थनाः–

अतः माननीय महोदय से इस संगठन की ओर से करबद्ध प्रार्थना है कि इन गंभीर और अमानवीय तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए, न्यायहित एवं मानवाधिकारों की रक्षा हेतु संबंधित अधिकारियों को निम्नलिखित निर्देश जारी करने की कृपा करेंः–

1. कचहरी परिसरों में स्थित हवालातों की स्थिति में तत्काल सुधार किया जाए।
2. हवालात के अंदर पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ शौचालय और उचित वेंटिलेशन (पंखे एवं हवा की निकासी) की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
3. जगह और क्षेत्रफल के अनुसार प्रत्येक हवालात में बंदियों को रखने की अधिकतम संख्या निर्धारित की जाए ताकि उन्हें भेड़ों की भांति न ठूंसा जाए।

भवदीय,

Shivangi Akash Aman Tyagi A. Giri

अभिषेक गिरि
Abhishek Giri
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
National Vice President
नेशनल एलाइड एण्ड हैल्थकेयर प्रोफेशनल एसोसिएशन
National Allied and Healthcare Professional Association
Former Name : Indian Paramedical Association

प्रतिलिपि सूचनार्थ को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मा० मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
2. मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ।
3. महानिदेशक पुलिस (DGP), उत्तर प्रदेश
4. अध्यक्ष, राज्य मानवाधिकार आयोग, उत्तर प्रदेश।